13767 - रोज़ेदार के लिए दांत का उपचार करवाना

प्रश्न

क्या रोज़ेदार के लिए दांत के डॉक्टर के पास जाना जाइज़ है ? मेरे दांतों को कुछ आवश्यक उपचार की आवश्यकता है। और यदि मैं दांत के डॉक्टर के पास हूँ जबकि मैं रमज़ान के दिन में रोज़े से हूँ और मेरे गले में कोई चीज़ चली गई और मैं बिना जानबूझ कर उसे निगल लिया तो उसका क्या हुक्म है ?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

शैख अब्दुल अज़ीज़ बिन बाज़ - रहिमहुल्लाह- से प्रश्न किया गया :

अगर किसी मनुष्य के दांत में दर्द होने लगा और वह डॉक्टर के पास गया, उसने उसके दांत की सफाई की, या उसमें कोई चीज़ भर दिया या उसके किसी दांत को उखाड़ दिया तो क्या यह उसके रोज़े को प्रभावित करेगा ? और यदि डॉक्टर ने उसके दांत को सुन्न करने के लिए उसे इंजेक्शन लगा दिया तो क्या यह उसके रोज़े को प्रभावित करेगा ?

तो उन्हों ने उत्तर दिया :

प्रश्न में जो वर्णन किया गया है उसका रोज़े के शुद्ध होने पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, बल्कि वह माफ (क्षम्य) है, और उसे चाहिए कि दवा या खून में से कोई चीज़ निगलने से परहेज़ करे, इसी तरह उपर्युक्त इंजेक्शन का भी रोज़े के सही होने में कोई प्रभाव नहीं है, क्योंकि वह खाने और पीने के अर्थ में नहीं है . . और असल (मूल बात) रोज़े का सही और सुरक्षित होना है।" (अंत) "अजविबा मुहिम्मा त-तअल्लक़ो बि-अरकानिल इस्लाम"

और यदि आप के लिए डॉक्टर के पास रात के समय जाना संभव है तो वही बेहतर है।

और अल्लाह तआला ही सर्वश्रेष्ठ ज्ञान रखता है।

इस्लाम प्रश्न और उत्तर